Roll No. ..................

# 11002

## कक्षा 11वीं वार्षिक परीक्षा, 2023-24

[051]

## HINDI

## हिन्दी

[Total No. of Questions: 23] [Total No. of Printed Pages: 08]

[Time: 03 Hours] [Maximum Marks: 80]

*निर्देश –*

*(1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

*(2) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक उप प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित है।*

*(3) प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक 2 अंक निर्धारित हैं। (शब्द सीमा लगभग 30 शब्द है)*

*(4) प्रश्न क्रमांक 16 से 19 तक 3 अंक निर्धारित हैं। (शब्द सीमा लगभग 75 शब्द है)*

*(5) प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक 4 अंक निर्धारित हैं। (शब्द सीमा लगभग 120 शब्द है)*

*(6) प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक सभी प्रश्नों के आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।*

प्र.1 सही विकल्प का चयन कर लिखिए। (7X1=7)

(i) मीराबाई की भाषा मूलतः है –

(अ) ब्रज (ब) अवधी

(स) राजस्थानी (द) मालवी

(ii) 'गलता लोहा' पाठ के लेखक हैं –

(अ) शेखर जोशी (ब) कृष्णनाथ

(स) बालमुकंद गुप्त (द) प्रेमचंद

(iii) 'जामुन के पेड़' के नीचे दबे हुए आदमी का गद्य संग्रह था –

(अ) रेशम का फूल (ब) अशोक का फूल

(स) ओस का फूल (द) शिरीष का फूल

(iv) रचना के आधार पर वाक्य के प्रकार होते हैं –

(अ) तीन (ब) पाँच

(स) आठ (द) दस

(v) 'नीर भरे नित प्रति रहे, तउ न प्यास बुझाय' में अलंकार है –

(अ) वक्रोक्ति (ब) दृष्टांत

(स) विभावना (द) विशेषोक्ति

(vi) किसी सामग्री से उसकी अशुद्धियों को दूर कर उसे पठनीय बनाना कहलाता है –

(अ) पत्रकारिता (ब) जनसंचार

(स) पटकथा (द) संपादन

(vii) 'गीत गोविंद' के रचयिता हैं –

(अ) जयदेव (ब) श्रीदेव

(स) महादेव (द) त्रिदेव

प्र.2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कर लिखिए – (6X1=6)

(i) 'मरसिया' का अर्थ.............. ..................................है। (प्रेमगीत / लोकगीत / शोकगीत)

(ii) 'अपू के साथ ढाई साल' पाठ का हिंदी भाषांतर..........................................ने किया।

(सत्यजीत रे / विलास गिते / हरिभांऊ उपाध्याय)

(iii) रीतिकाल का प्रमुख रस..........................................................है। (श्रृंगार / शांत / वीर)

(iv) 'पेट में चूहे कूदना' में...............................शब्द शक्ति है। (अभिधा / लक्षणा / व्यंजना)

(v) ..................................................राग रात्रि में गाया जाता है। (हिंडोला / दीपक / भैरव)

(vi) भारत का प्रथम समाचार पत्र......................है। (उदंत मार्तंड / बंगाल गजट / कर्मवीर)

प्र.3 निम्नलिखित कथनों के समक्ष सत्य या असत्य लिखिए – (6X1=6)

(i) गांधी जी की इच्छा थी कि सभी लोग शिक्षित हों।

(ii) मोहन के शिक्षक का नाम धनराम था।

(iii) प्रत्यय किसी शब्द के पीछे जुड़ते हैं।

(iv) चित्त में उत्तेजना का संचार माधुर्य गुण में होता है।

(v) पातालपानी, रेजाणीपानी और पालरपानी के नीचे स्थित होता है।

(vi) जनसंचार, संचार की अपेक्षा सीमित होता है।

प्र.4 सही जोड़ी का मिलान कर लिखिए – (7X1=7)

| स्तम्भ (अ) | स्तम्भ (ब) |
|---|---|
| (i) कविता का गांधी | (क) शिवशंभु के चिट्ठे |
| (ii) रत्नाकर ने निर्मित कर दी | (ख) तमिलनाडू |
| (iii) अनुस्मारक | (ग) जनसंचार |
| (iv) विदाई संभाषण | (घ) तुम भी आ गये |
| (v) पीपर पाथर पूजन लागे | (ङ) स्वर्ण सड़क |
| (vi) भरतनाट्यम | (च) भवानी प्रसाद मिश्र |
| (vii) निपात | (छ) रिमांडर |
| | (ज) अनुप्रास अलंकार |

प्र.5 निम्न प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य/शब्द में दीजिए – (6×1=6)

(i) कबीर के अनुसार मानव शरीर का निर्माण किन पाँच तत्वों से हुआ है?

(ii) जवाहर लाल नेहरू की आत्मकथा का क्या नाम है?

(iii) 'कलम का सिपाही' किस विधा के अंतर्गत लिखी गई?

(iv) तत्सम शब्द किसे कहते हैं?

(v) 'आलो–आँधारि' मूल रूप से किस भाषा में लिखी गई?

(vi) शब्दकोश क्या है?

प्र.6 'घर की याद' कविता में कवि ने पिता की किन–किन विशेषताओं को बताया है? (2)

**अथवा**

'कलकत्ता पर बजर गिरे' चंपा ने ऐसा क्यों कहा?

प्र.7 भक्तिकाल की शाखाओं के नाम लिखकर उनके कवियों के नाम लिखिए। (2)

**अथवा**

प्रगतिवादी कविता की दो विशेषताएं लिखिए।

प्र.8 कहानी और उपन्यास में अंतर लिखिए। (2)

**अथवा**

द्विवेदी युग के दो प्रमुख निबंधकारों के नाम एवं उनकी एक–एक रचना का नाम लिखिए।

प्र.9 कर्जन को इस्तीफा क्यों देना पड़ा? (2)

**अथवा**

"बिरादरी का यही सहारा होता है।" यह कथन किसने, किससे कहा?

प्र.10 मुक्त छंद किसे कहते हैं? (2)

**अथवा**

महाकाव्य और खंडकाव्य में अंतर लिखिए।

प्र.11 अर्थ के आधार वाक्य कितने प्रकार के होते हैं? उनके नाम लिखिए।

**अथवा**

निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तित कर लिखिए। (कोई दो)

(i) सोहन आज भोपाल जाएगा। (संदेहवाचक)

(ii) गणित का प्रश्न पत्र कठिन है। (बिना अर्थ बदले नकारात्मक)

(iii) ढोलक की आवाज उसे उत्साहित करती है। (प्रश्नवाचक)

प्र.12 राष्ट्रभाषा और राजभाषा में अंतर लिखिए। (2)

**अथवा**

तकनीकी शब्द को उदाहरण सहित लिखिए।

प्र.13 लक्षणा शब्द शक्ति को उदाहरण सहित लिखिए। (2)

**अथवा**

अलंकार उदाहरण सहित लिखिए।

प्र.14 चित्रपट संगीत और शास्त्रीय संगीत में अंतर लिखिए। (2)

**अथवा**

राजस्थान में कुंई खोदने के क्या–क्या लाभ हैं?

प्र.15 जनसंचार के कार्य लिखिए। (2)

**अथवा**

स्ववृत्त लेखन की दो विशेषताएँ लिखिए।

प्र.16 भवानी प्रसाद मिश्र **अथवा** दुष्यंत कुमार की काव्यगत विशेषताएँ निम्न बिंदुओं के आधार पर लिखिए – (3)

(i) दो रचनाएं

(ii) भावपक्ष

(iii) कलापक्ष

प्र.17 मुंशी प्रेमचंद **अथवा** शेखर जोशी का साहित्यिक परिचय निम्न बिंदुओं के आधार पर लिखिए – (3)

(i) दो रचनाएं

(ii) भाषा शैली

(iii) साहित्य में स्थान

प्र.18 अच्छे विज्ञापन की तीन विशेषताएँ लिखिए। (3)

**अथवा**

भाव पल्लवन करके लिखिए –

"स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन निवास करता है।"

प्र.19 निम्नलिखित अपठित गद्यांश अथवा काव्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए – (3)

सुधार जिस अवस्था में हो, उससे अच्छी अवस्था आने की प्रेरणा हर आदमी में मौजूद रहती है। हममें जो कमजोरियाँ हैं, वह मर्ज की तरह हमसे चिपटी हैं। जैसे शारीरिक स्वास्थ्य एक प्राकृतिक बात है और रोग उसका उल्टा, उसी तरह नैतिक और मानसिक स्वास्थ्य भी प्राकृतिक बात है। हम मानसिक और नैतिक गिरावट से संतुष्ट नहीं रहते। जिस प्रकार रोगी अपने रोग को दूर करने के लिए प्रयासरत रहता है। उसी प्रकार सभी को अपने अंदर की मानसिक और नैतिक कमजोरियों को दूर करने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए। हमारी सारी कमजोरियों की जिम्मेदारी हमारी कुरुचि और प्रेम भाव से वंचित होने पर है। जहाँ सच्चा सौंदर्य–प्रेम है, जहाँ प्रेम का विस्तार है, वहाँ कमजोरियाँ कहाँ रह सकती हैं? प्रेम ही तो आध्यात्मिक भोजन है और सारी कमजोरियाँ इसी भोजन के न मिलने से पैदा होती हैं।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए।

(ii) गद्यांश का केंद्रीय भाव लिखिए।

(iii) 'कमजोरी' शब्द में कौन–सा प्रत्यय प्रयुक्त हुआ?

**अथवा**

बादल, गरजो!

घेर घेर घोर गगन, धाराधर ओ!

ललित ललित, काले घुंघराले,

बाल कल्पना के से पाले,

वज्र छिपा नूतन कविता,

फिर भर दो, बादल गरजो।

(i) काव्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ii) 'धाराधर' शब्द का अर्थ लिखिए।

(iii) काव्यांश का भावार्थ लिखिए।

प्र.20 निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ, प्रसंग और विशेष के साथ व्याख्या कीजिए – (4)

बिछड़न–समय बड़ा करुणोत्पादक होता है। आपको बिछड़ते देखकर आज हृदय में बड़ा दुख है। माई लॉर्ड! आपको दूसरी बार इस देश में आने से भारतवासी किसी प्रकार प्रसन्न न थे। वे यही चाहते थे कि आप फिर न आवें। पर आप आए और उससे यहाँ के लोग बहुत ही दुखित हुए। वे दिन–रात यही मनाते थे कि जल्द श्रीमान यहाँ से पधारें। आज आपके जाने पर हर्ष की जगह विषाद होता है।

**अथवा**

कभी ऐसा भी होता कि जब मैं किसी जलसे में पहुंचता, तो मेरा स्वागत ''भारत माता की जय!'' इस नारे के जोर के साथ किया जाता। मैं लोगों से अचानक पूछ बैठता कि इस नारे से उनका क्या मतलब है। यह भारत माता कौन है, जिसकी वे जय चाहते हैं।

प्र.21 निम्नलिखित काव्यांश का संदर्भ, प्रसंग, विशेष सहित व्याख्या कीजिए – (4)

कहाँ तो तय था चिरागां हरेक घर के लिए,

कहाँ चिराग मयस्सर नहीं शहर के लिए।

यहाँ दरख्तों के साये में धूप लगती है,

चलो यहाँ से चलें और उम्र भर के लिए।

**अथवा**

भीतर की आग, धनुष की डोरी

तीर का नुकीलापन, कुल्हाड़ी की धार

जंगल की ताजी हवा, नदियों की निर्मलता

पहाड़ों का मौन, गीतों की धुन

आओ, मिलकर बचाएँ।

प्र.22 राज्य–स्तरीय विज्ञान मेला में प्रथम आने पर अपने मित्र को बधाई पत्र लिखिए। (4)

**अथवा**

सचिव, माध्यमिक शिक्षा मंडल म.प्र. भोपाल को आवेदन पत्र लिखिए, जिसमें दसवीं परीक्षा की अंकसूची की द्वितीय प्रति की मांग हो।

प्र.23 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर रूपरेखा सहित सारगर्भित निबंध लिखिए – (4)

(i) स्वच्छ भारत अभियान

(ii) जीवन में खेलों का महत्त्व

(iii) विद्यार्थी जीवन और अनुशासन

(iv) मेरे सपनों का भारत

(v) पर्यावरण प्रदूषण: कारण और निदान

---